


## एक नजर में

### पूर्व मंडी सदस्य कालूराज वर्मा का निधन



**सारंगपुर 27 नवंबर, सं.** कृषि उपज मंडी पूर्व सदस्य एवं डॉ. सिद्धार्थ वर्मा,डॉ सिद्धांत वर्मा के पिता और जीवन राज अविनाश राज राहुल राज के चाचा कालूराज वर्मा का बुधवार सुबह ग्राम भूराखेड़ी उनके निवास पर निधन हो गया. श्री वर्मा काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे. बुधवार को उन्होंने अंतिम शास ली. उनकी अंतिम यात्रा स्वनिवास ग्राम भुराखेड़ी से मुक्तिधाम तक निकाली गई. जिसमे सत्यानंद महाराज, कमक किशोर, राज कन्हैया लाल गवाटिया, डॉ लक्ष्मीनारायण, लखन सिंह दरबार, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य बबलू गुर्जर, साईं सेवा समिति के महेश प्रजापति, प्रेमनारायण देथलिया सहित अन्य समाज के वरिष्ठ जन बड़ी सख्या में सामाजिक लोग शामिल थे. जिन्होंने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी. मुक्तिधाम पर उनके बड़े पुत्र डॉ. सिद्धार्थ वर्मा,डॉ सिद्धांत वर्मा ने मुखाग्नि दी.

### गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को याद किया

**ब्यावरा 27 नवम्बर, का.** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने गुरु तेग बहादुर जी के मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में अतिथि हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा उपस्थित रहे. उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी ने कमजोरों और निर्दोषों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, जो पूरे विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत है. विद्यार्थियों से गुरु जी के आदर्शों को अपनाने और समाज में सद्भाव एवं मानवता का संदेश फैलाने का आह्वान किया. प्राचार्य राजीव यादव ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन बच्चों के लिए आदर्श है. इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ के सदस्य, विद्यार्थी उपस्थित रहे. सभी ने गुरु तेग बहादुर जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

### भण्डावद बीएलओ को सम्मानित किया




**जीरापुर 27 नवंबर, सं.** विशेष गहण पुनरीक्षण एसआईआर कार्य में समीपवर्ती हाई स्कूल भंडावद के बीएलओ देवकरण शर्मा द्वारा मात्र चार दिवस में 1056 मतदाताओं का डीजीटाइजेशन कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस पर बीएलओ शर्मा जिला प्रशासन सहित विधालय परिवार द्वारा सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. इस पर शाला परिवार सहित प्राचार्य राजेंद्र व्यास शिक्षक सीताराम मालवीय सहित स्टाफ परिवार शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी.

# वारंटी को लेने गई पुलिस से भिड़े ग्रामीण

## खिलचीपुर थाने का मामला, वर्दी और सादा कपड़ों में पहुंचे थे वारंट तामील कराने, ग्रामीणों ने पथराव कर दिया

### पुलिस टीम पर किया लाठी-डंडों से किया हमला

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 27 नवंबर, सं. खिलचीपुर थाना क्षेत्र के अभयपुर गांव में बुधवार शाम पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई. वारंटी को पकड़ने पहुंची पचोर थाने की पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने पथराव और लाठी-डंडों से हमला कर दिया. इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और एक पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया. पचोर थाने से एएसआई सुरेश मेवाड़े के नेतृत्व में एक टीम दो निजी कारों में अभयपुर पहुंची थी. टीम में वर्दीधारी और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी शामिल थे. वे गांव से एक युवक को पकड़ने का प्रयास कर रहे थे.**

जब बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो कार सवार लोग धामनिया की ओर भागे. ग्रामीणों ने उनका पीछा किया और चार लोगों को पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया. ग्रामीणों ने पुलिस टीम को करीब एक घंटे तक रोके रखा. हमले में पचोर थाने के पुलिसकर्मी अरविंद गोयल और गौरव सिंह घायल हुए हैं. भीड़ ने एक कार को भी तोड़ दिया.



### ग्रामीण बोले- अपहरण समझकर मारा

ग्रामीणों का आरोप है कि पुरसिंह सौंधिया जब मवेशियों को चारा डालकर लौट रहा था, तभी हनुमान जी के चबूतरे के पास एक कार से उतरे चार लोगों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट करने लगे. ग्रामीणों के अनुसार, उन लोगों ने अपनी पहचान नहीं बताई और न ही यह बताया कि वे युवक को किस मामले में ले जा रहे थे. गांव वालों ने इसे अपहरण की कोशिश समझा. ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले पास के धामनिया गांव से एक युवक गायब हो गया था, जिससे उनका शक गहरा गया. उनका कहना है कि अधिकांश पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में थे और बिना किसी सूचना के युवक को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे.

#### फोर्स पहुंची तो भी नहीं छोड़ा

पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना मिलते ही जिलेभर से फोर्स गांव में पहुंची, लेकिन ग्रामीण पुलिस को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। वे बार-बार यही कहते रहे कि ये हमारे गांव के युवक का अपहरण करने आए थे। जब गांव में बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची, इसके बाद घायलों को खिलचीपुर अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आया गया. दोनों घायल पुलिस कर्मियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 27 नवंबर, सं.** पपड़ेल चौकी क्षेत्र के गोवर्धन गांव में 30 वर्षीय युवक का शव बुधवार रात घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला. कमरा अंदर से बंद था और उसके पास जहरीली दवा की शीशी पड़ी थी. गुरुवार सुबह खिलचीपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया. परिजन घटना से सदमे में हैं. मृतक के पिता मोहनलाल शर्मा ने बताया कि वे बुधवार शाम राजस्थान के इकलेरा से खेती-बाड़ी देखने गांव आए थे. घर पहुंचने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला. कई बार आवाज लगाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला. चौकीदार को बुलाकर दीवार के सहारे अंदर पहुंचे तो सत्यनारायण कमरे में पड़ा था. उसके मुंह और नाक से झाग निकल रहा था और पास में जहरीली दवा की शीशी थी. परिवार और पुलिस उसे तुरंत खिलचीपुर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मोहनलाल के अनुसार, गांव के एक परिवार से विवाद के कारण वे दो साल पहले गांव छोड़कर राजस्थान के इकलेरा में रहने लगे थे. उनकी करीब 5 बीघा जमीन गांव में है, जिसकी देखरेख के लिए सत्यनारायण यहीं रहता था. घटना की सूचना मिलते ही राजस्थान से अन्य परिजन भी अस्पताल पहुंच गए.

#### मृतक के परिवार का दावा; लड़का आत्महत्या नहीं कर सकता

मोहनलाल का दावा है कि उनका बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता. उनका आरोप है कि या तो किसी ने घर में घुसकर उसे दवा पिलाई या लंबे समय से विवाद और प्रताड़ना के कारण वह दबाव में था. उन्होंने बताया कि एक साल पहले कुछ लोगों ने चौराहे पर बेटे की पिटाई की थी और दीपावली पर भी विवाद हुआ था. इससे परिवार मानसिक रूप से परेशान था. पपड़ेल पुलिस ने मौके से जहरीली दवा की शीशी जब्त कर ली है. परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है.



## हाईवे पर बस और ट्रैक्टर में भिड़ंत, चार घायल

### दुर्घटना में बस में सवार 30 यात्रियों को आई हल्की चोट

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर/पड़ाना 27 नवम्बर, सं. सारंगपुर से करीब 5 किमी दूर मऊ-पड़ाना के यहां धनौरा के समीप हाईवे पर गुरुवार की सुबह बस और ट्रेक्टर ट्रॉली के बीच जोर की भिड़ंत हो गई, दुर्घटना में बस और ट्रेक्टर के चालक को गंभीर चोट आई है. बस में सवार 30 यात्रियों को हल्की चोट आने के साथ ही ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार लोगों को भी चोट आई है.**

जानकारी के अनुसार ग्वालियर से इंदौर जा रही यात्री बस और ट्रेक्टर के बीच हाईवे पर मऊ-पड़ाना के यहां धनोरा के निकट जोर की भिड़ंत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ढलान पर पीछे से आ रही बस ट्रेक्टर ट्रॉली से जा भिड़ी. घटना गुरुवार की सुबह की है. दुर्घटना में बस और ट्रेक्टर के चालक को गंभीर चोट आना बताया जाता है. साथ ही बस और ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार लोगों को भी चोट आई. घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार किया गया.

**सोयाबीन बेचने जा रहे थे सारंगपुर-** ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार ग्रामीणजन सोयाबीन लेकर सारंगपुर कृषि मंडी में बेचने जा रहे थे. ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार घायलों में भारत सिंह राजपूत, संतोष राजपूत, ओम राजपूत निवासी बरूखेड़ी जो कि ट्रैक्टर से अपनी उपज सोयाबीन बेचने के लिए सारंगपुर जा रहे थे तभी सुबह 5.20 बजे करीब काफी तेज गति से से ग्वालियर से इंदौर जा रही बस ने जोर की टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोर की थी कि ट्रैक्टर के अगले हिस्से के दो टुकड़े हो गए वहीं पिछले हिस्से ट्राली में भारी सोयाबीन 40 क्विंटल में से 15 से 20 किलो बची घटनास्थल से ट्रैक्टर और ट्राली 50 फीट दूर जाकर गिरे. जबकि बस के चालक हरेन्द्र अहिरवार निवासी झांसी को भी गंभीर चोट आना बताया जा रहा है.

## पेंशनरों ने कहा 32 महीनों का एरियर हमारा हक

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 27 नवंबर, सं. पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें पेंशनर संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई.** विशेष कर पेंशनर नवंबर में प्रमाण पत्र बेंक में देवे, तथा हाई कोर्ट के आदेशानुसार 32 माह का एरियर पेंशनरों को भुगतान करने, केंद्रीय दर पर महंगाई भत्ता स्वीकृत करने, धारा 49 की अविलंब समाप्ति एवं 3 हजार प्रति माह चिकित्सा भत्ता स्वीकृत करने की मांग शासन से की गई. इस दौरान समस्त पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से 30 नवंबर के पूर्व बैंक में प्रस्तुत करें यदि 30 नवंबर तक प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया तो अगले माह से बैंक द्वारा पेंशन रोक दी जाएगी जिसे पुन: चालू करने में हमें परेशानी का सामना करना पड़ेगा सभी पेंशनरों से आग्रह किया गया. जहां पर प्रमुख रूप से सभी पेंशनर्स उपस्थित रहे.

### नालियों की सफाई में लापरवाही

**खिलचीपुर 27 नवंबर, सं.** खिलचीपुर के वार्ड क्रमांक 13 में बनी 4 फीट गहरी नाली स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन गई है. बुधवार रात एक गाय इसी नाली में गिर गई, सुबह तक उसकी मौत हो गई. गुरुवार को जब लोगों की नजर नाली में पड़े शव पर पड़ी, तो वार्ड में आक्रोश फैल गया. सूचना मिलने पर नगर परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मृत गाय को बाहर निकालकर वाहन में ले गए. वार्डवासी इसे एक अकेली मौत नहीं मानते. उनका कहना है कि पिछले एक वर्ष में मवेशियों की यह दसवीं मौत है.

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने बंदियों के लिए किया तनाव मुक्त शिविर

**राजगढ़ 27 नवंबर, का.** जिला जेल परिसर में बंदियों के तनाव मुक्त सुख शांति संपन्न जीवन के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम जिसमें प्रथम दिन खुशी महोत्सव, दूसरे दिन आनंद महोत्सव, एवं तृतीय दिवस परिवर्तन महोत्सव के रूप में मनाया. जिसका उद्घाटन जेल अधीक्षक आलोक बाजपेई, जेल शिक्षक लखन सोंधिया, ब्रह्माकुमारी सुरेखा बहन ब्र कु. सुमित्रा तनाव मुक्त सुख शांति संपन्न जीवन के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम जिसमें प्रथम दिन खुशी महोत्सव दूसरे दिन आनंद महोत्सव एवं तृतीय दिवस परिवर्तन महोत्सव के रूप में मनाया. सुख को जीवन में आने दो विषय पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने समझाया की हम सभी एक ईश्वर की सन्तान आपस में भाई भाई है पूरा विश्व हमारा परिवार है. सभी बंदी भाइयों को स्पिरिचुअल के माध्यम से समझाया कि हमें अपनी खुशी के लिए दूसरों की खुशी को नहीं छीनना है

## ब्राम्हण समाज ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**खुजनेर 27 नवम्बर, सं.** गुरुवार को खुजनेर में ब्राह्मण समाज द्वारा आई ए एस संतोष वर्मा द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में नगर के मुख्य मार्गो से एक प्रभावी वाहन रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया. दुपहिया वाहन रैली चरणदास मंदिर से प्रारंभ हुई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची जहां तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आई एएस संतोष वर्मा को बर्खास्त किए जाने तथा एफ आई आर दर्ज करने की मांग की. थाना प्रभारी को भी ज्ञापन सौंपकर मांग की गई. इस अवसर पर समाज के अशोक शर्मा, निर्मल, अनिल, अन्नू, मुकेश छुट्टन, मनोज, भूपेंद्र, पवन, हरीश, भास्कर, महेंद्र, हर्ष, राजू, विक्की, मयंक, आनंद, कान्हा, दादू, सत्यनारायण शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

### कॅरियर कॉन्वेंट के बच्चों की अनूठी पहल

**राजगढ़ 27 नवंबर, का.** नगर के अशासकीय विद्यालय करिअर कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने स्कूल के संचालक राकेश पाण्डे के समाज सेवा के नक्शे कदम पर चलते हुए एक अनूठा प्रयास किया. जिसमें की स्कूल के कुछ बच्चों ने राजगढ़ में घटते तापमान तथा बढ़ती शीत लहर को देखते हुए,असहाय, जरूरत मंद बच्चों को दान करने हेतु ,स्वयं व परिवार जनों के पुराने ,अच्छे सामान्य तथा गर्म कपड़े अपने घरों से लाकर संस्था में जमा किए. जिन्हें अब किसी ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद बच्चों को वितरित करने हेतु उस क्षेत्र के किसी विद्यालय शिक्षक, सचिव या समाज सेवक को प्रदान किए जाएंगे. बच्चों का यह प्रयास ठंड के मौसम में लगातार चलता रहेगा. स्कूल के संचालक राकेश पाण्डे ने इस पवित्र कार्य के लिए सभी बच्चों तथा उनके अभिभावकों का धन्यवाद प्रेषित कर उन्हें भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की इस प्रकार से मदद करने का कार्य करते रहने की सलाह भी दी, और कहा कि इसे बच्चे ही भविष्य में समाज सेवा तथा राष्ट्र सेवा का मजबूत स्तंभ बन सकते हैं. वस्त्र दान करने वाले विद्यार्थियों में साक्षी वर्मा, तनिष्का दुबे, महविश हुसैन, सुहाना कोकाशिया, आलिया हाशमी,अश्मीरा हाशमी,नमन उपाध्याय,कनक मेवाड़े, ट्विंकल विश्वकर्मा, संस्कार गौड़, नीलांश विश्वकर्मा, आराध्या उपाध्याय, निशांक विश्वकर्मा एवं नक्श उपाध्याय शामिल है.

## घुरेल धाम पर भव्य मंदिर की आधारशिला आज

### साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनेगा विशाल मंदिर

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 27 नवम्बर, का. प्रसिद्ध घुरेल धाम पर भगवान पशुपतिनाथ के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला आज रखी जाएगी. करीब साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाला यह मंदिर अपने आप में भव्यता लिए होगा.**

विदित है कि ब्यावरा-सुठालिया मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध घुरेल धाम पर भगवान पशुपतिनाथ विराजमान है. पशुपतिनाथ मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से अब यहां एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है. मंदिर निर्माण का भूमिपूजन



आज होगा. मंदिर समिति के अनुसार आज दोपहर 12 बजे भूमिपूजन कार्यक्रम होगा.

**धर्माचार्यो की उपस्थिति में होगा भूमिपूजन-** घुरेल धाम पर आज मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन धर्माचार्यो की उपस्थिति में होगा. इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे. मंदिर समिति द्वारा धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में आज होने वाले भूमिपूजन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है.

**सफेद मॉर्बल से होगा मंदिर निर्माण-** घुरेल धाम पर होने वाले मंदिर का निर्माण पूरी तरह सफेद मॉर्बल के द्वारा किया जाएगा. मंदिर का निर्माण राजस्थान के सोमपुरा परिवार के द्वारा किया जाएगा. मंदिर निर्माण कार्य लगभग तीन वर्ष में पूर्ण होने की बात कही गई है. मंदिर निर्माण पर 3 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत आएगी.



## रात को निकला गश्ती दल बिजली चोरी पकड़ी

### केबल से तार डालकर चला रहे थे बिजली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 27 नवम्बर, का.** बकाया राशि के चलते डिसकनेक्ट किए गये विद्युत कनेक्शनधारी केबल से तार डालकर कहीं बिजली का उपयोग तो नहीं कर रहे इसको रोकने विद्युत विभाग के अमले द्वारा नगरीय क्षेत्र में रात्रि में चेकिंग शुरु की गई है. बीती रात्रि को चेकिंग के दौरान दो जगहों पर केबल से तार डालकर बिजली चलाने के मामले सामने आये. संबंधितों के विरुद्ध विभाग द्वारा कार्यवाई की गई है.

विद्युत विभाग द्वारा अपनी बकाया राशि की वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है. बकायादारों के कनेक्शन डिसकनेक्ट किए जा रहे है किंतु सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है कि डिसकनेक्ट वाले कुछ कनेक्शनधारियों द्वारा रात के समय चोरी छुपे अपने समीप से निकल रही विद्युत केबल से तार डालकर बिजली चलाई जा रही है. इस पर अंकुश लगाने विभाग द्वारा नगर में रात्रि भ्रमण हेतु चार टीमें बनाई है. जिनके द्वारा बुधवार की रात्रि से चेकिंग अभियान शुरु कर दिया गया. बीती रात्रि को टीम को सीया की बाडी क्षेत्र में दो ऐसे घरो मे केबल से तार डालकर बिजली चलाई जा रही थी जिनके कनेक्शन बकाया के चलते विभाग द्वारा डिसकनेक्ट किए जा चुके है. टीमों के द्वारा डिसकनेक्ट वाले करीब 30 स्थानों पर चेकिंग की गई. एई अजित भुमरकर के अनुसार बुधवार की रात्रि चेकिंग में दो जगह पर केबल से बिजली लेकर चलाने का मामला सामने आने पर संबंधितों के विरुद्ध धारा 138 के तहत कार्यवाई की गई है.

#### चार टीमें कर रही निगरानी

विद्युत विभाग के अनुसार नगरीय क्षेत्र में डिसकनेक्ट किए गये कनेक्शन पुन: जोड़कर बिजली चलाने वालों की निगरानी हेतु चार टीमे बनाई गई है, जो कि सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी में भ्रमण कर निगरानी करने का कार्य करेगी. यदि कोई केबल से बिजली लेकर विद्युत का उपयोग करते पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी.

**बैठक** नरसिंहगढ़ में जिला बैठक के दौरान एसआईआर पर बोले, 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा विपक्ष के आरोप तर्कहीन

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 27 नवंबर, सं.** गुरुवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खण्डेरवाल नरसिंहगढ़ पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. सोनाकुंज होटल में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में उन्होंने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई. विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया. प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत में कार्यकर्ता पीलूखेड़ी पहुंचे, जहां दर्जनों जेसीबी व वाहनों से पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया. पूरे मार्ग में स्थान-स्थान पर कार्यकर्ताओं ने अगवानी कर उत्साह प्रकट किया. हजारों वाहनों के काफिले के साथ सोनाकुंज पहुचे प्रदेशाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन की



मजबूती और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एसआईआर प्रक्रिया को जरूरी बताया. मीडिया से चर्चा में उन्होंने एसआईआर को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर भी अपनी बात रखी और विपक्ष द्वारा किए जा रहे दावों को राजनीतिक मुद्दा बताते हुए उन्हें तथ्यहीन करार दिया. साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ को भी पार्टी संघटन की रीति नीति से अवगत कराया. इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, विधायक अमर सिंह यादव, हजारीलाल दांगी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे. करीब 150 सदस्यों की इस जिला बैठक में पार्टी संगठन, आगामी कार्यक्रमों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई.

### पीलूखेड़ी में जोरदार स्वागत

**नवभारत न्यूज, पीलूखेड़ी 27 नवंबर, सं.** आज सुबह 11 पीलूखेड़ी में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के स्वागत के लिए रोड पर सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता की भीड़ लगी रही प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर जेसीबी के ऊपर से फूल बरसाए गए. विधायक मोहन शर्मा द्वारा



स्टेज पर सपा बांधकर स्वागत किया गया वहीं पर जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा स्वागत किया गया एवं राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव द्वारा भी स्वागत किया गया इस मौके पर कुरावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ.दिनेश मंडलोई, लक्ष्मण सिंह राणा, भूपेंद्र भदोरिया,रामेश्वर नायक, मोती सिंह चौहान, नारायण सिंह पाल पीलूखेड़ी सरपंच भोला सिंह राणावत ,उप सरपंच दिनेश सिंह जाट, माखन सिंह गुर्जर, पार्षद मोहन वर्मा, इमामुद्दीन बड़नगर, लखन चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे.